मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

संपादक: छोटेलाल शर्मा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ■ अंक - 17 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 23 जनवरी से 29 जनवरी 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

# पवार की इतनी तारीफ क्या गठबंधन को तोड़ने की है कोशिश?

**महाराष्ट्र : अगले लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति कुछ नई करवट लेते हुए दिख रही है. सियासत की फितरत ये है कि वहां अपना फायदा देखे बगैर सत्ता को संभालने वाला कोई भी शख्स अपने विरोधी की तारीफ यों ही नहीं करता. शिवसेना से बगावत करके बीजेपी के समर्थन से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे पिछले तीन महीने से ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ रहे, जब उन्होंने सार्वजनिक मंच से एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार की तारीफों के पुल बांधने में कोई कसर छोड़ी हो. इसलिए सियासी गलियारों में सवाल उठ रहा है कि कहीं ये महा विकास अघाड़ी गठबंधन को तोड़ने की कवायद का हिस्सा तो नहीं है?**

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की शरद पवार की तारीफ...**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता के सूत्रधार चाहे नीतीश कुमार बनें या फिर तेलंगाना के सीएम केसीआर या फिर ममता बनर्जी लेकिन शरद पवार पहले दिन से ये कहते आये हैं कि कांग्रेस के बगैर विपक्ष की एकता का न तो कोई मतलब है और न ही उसके बगैर बीजेपी को टक्कर दी जा सकती है. कुछ यही बात महा विकास अघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिव सेना भी कह चुकी है. यही नहीं, पार्टी के नेता संजय राउत तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर इसकी तस्दीक कर चुके हैं कि आगामी चुनाव में भी कांग्रेस और शिव सेना का ये गठबंधन बरकरार रहेगा. इसलिये महाराष्ट्र के



सीएम एकनाथ शिंदे द्वारा शरद पवार की बार-बार तारीफ किये जाने को पवार पर सियासी डोरे डालने के तौर पर देखा जा रहा है ताकि वे महाराष्ट्र में बने इस गठबंधन से बाहर निकलकर अपनी स्वतंत्र हैसियत में आ जाएं. जाहिर है कि पवार बीजेपी का साथ तो कभी नहीं देंगे लेकिन महा विकास अघाड़ी से अगर एनसीपी बाहर आ जाती है तो महाराष्ट्र में उसका सीधा फायदा बीजेपी को ही मिलेगा. चर्चा है कि शिन्दे को ये जिम्मेदारी सौंपने की बड़ी वजह ये है कि उनके पवार के साथ न सिर्फ नजदीकी रिश्ते हैं बल्कि वे उन्हें आज भी खुले तौर पर अपना मार्गदर्शक मानते हैं. पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की 46 वीं वार्षिक आम सभा की बैठक में बोलते हुए एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की जमकर तारीफ की. उन्होंने राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करने में पवार की दरियादिली का हवाला देते हुए ये भी कह दिया कि कोई भी शरद पवार के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है. मंच पर शरद पवार की मौजूदगी में शिंदे ने ये कबूलने से भी कोई गुरेज नहीं किया कि वरिष्ठ नेता शरद पवार सीधे उन मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्हें बुलाते हैं, जो राज्य के हित में है.

हालांकि शिंदे द्वारा पवार की इतनी तारीफ करने के बाद उद्धव ठाकरे और पार्टी के बाकी नेताओं के कान खड़े हो गये हैं कि दिल्ली दरबार से ये कौन -सी नई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है. दरअसल, पुणे के मंच से मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा है कि, 'शरद पवार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के एक अनुभवी नेता हैं. सहकारी क्षेत्र में उनका योगदान बहुत बड़ा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. शिंदे ये बताना भी नहीं भूले कि 'सुझाव और सलाह देने के लिए शरद पवार अक्सर मुझे टेलीफोन करते हैं.

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की जेलों से 189 कैदियों को किया जाएगा रिहा...



**महाराष्ट्र :** आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार के विशेष छूट कार्यक्रम के तहत गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की जेलों से कुल 189 कैदियों को रिहा किया जाएगा, जिनमें से तीन ठाणे सेंट्रल जेल से हैं। एक अधिकारी ने कहा कि ठाणे के तीन कैदी हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों के लिए जेल की सजा काट रहे हैं। अधिकारी कहा, ''विशेष छूट कार्यक्रम के तहत कुछ कैदियों को सजा की अवधि दौरान अच्छे आचरण के लिए 26 जनवरी और 15 अगस्त को रिहा किया जाएगा। महाराष्ट्र के कुल 189 कैदियों को रिहा किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि कैदियों का चयन उम्र, जेल में बिताए समय, दिव्यांगता, स्वास्थ्य समेत अन्य पहलुओं के आधार पर किया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि ठाणे सेंट्रल जेल में 4,569 कैदी हैं, जिनमें 132 महिलाएं हैं। इनमें 52 कैदी 70 साल से ऊपर के हैं और 386 कैदी 20 साल से कम उम्र के हैं। हालांकि, जेल की क्षमता सिर्फ 1,105 कैदियों की है। उन्होंने कहा कि रिहा किए जाने वाले कुल कैदियों में 30 बांग्लादेशी और इतनी ही संख्या में नाइजीरियाई शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में जेल के कैदियों की कुल संख्या 43,090 है।

॥ ॐ सविताय नमः ॥

स्थापना : २९-१-१९९९

पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

अ.भा. सविता महासंघ

अखिल भारतीय सविता महासंघ



जननायक कर्पूरी ठाकुर जी

पूर्व मुख्यमंत्री बिहार सरकार

प्रिय मान्यवर,
आप सभी स्वजातीय भाई बहनों को सूचित करते परम हर्ष की अनुभूति हो रही हैं की दिनांक २८ जनवरी शनिवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती मनाई जा रही हैं आप सभी महानुभावों से निवेदन हैं की कार्यक्रम में पधारकर समाज की एकता भाईचारा को मजबूत करे तथा समाज के रत्न कर्पूरी ठाकुर जी श्रद्धा सुमन अर्पित करे।

समारोह श्रृंगार श्री सभाजीत शर्मा
महासचिव उत्तर मुंबई जिला कांग्रेस
* समारोह मुख्य अतिथि *
श्री सुरेश ठाकुर पूर्व नगरसेवक कांग्रेस
* कार्यक्रम अध्यक्ष *
श्री. जे. पी. शर्मा (अखिल भारतीय सविता महासंघ)

❖ विशिष्ठ अतिथी ❖
श्री.छोटेलाल शर्मा (प्रधान संपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.हरिशंकर शर्मा (उपसंपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.जगदीश शर्मा (नालासोपारा) उपशाखा प्रबंधक यस बैंक
श्री.सुनील श्रीवास्तव (समाज सेवक कल्याण)
श्री.ओम प्रकाश सविता(विक्रोली)

❖ सत्कार मूर्ति ❖
श्री.सुधीर बद्री ठाकुर- लघु उघोगपती (भांडुप)
श्री.डॉक्टर नंदलालजी शर्मा - अध्यक्ष,उत्तरप्रदेश अखिल भारतीय सविता महासंघ

❖ सक्रिय कार्यकर्ता ❖

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनुप कुमार शर्मा | श्री जय नाथ शर्मा | श्री सतीश शर्मा |
| श्री दिलीप शर्मा | श्री संजय शर्मा | श्री विनोद शर्मा |
| श्री राजेश कुमार शर्मा | श्री धमेन्द्र शर्मा | श्री दीपक शर्मा |
| श्री अशोक शर्मा | श्री प्रमोद शर्मा | श्री राजेश शर्मा |
| श्री दीपनारायण शर्मा | श्री कमलाप्रसाद शर्मा | श्री अजय शर्मा |
| श्री जोगेन्द्र शर्मा | श्री सतीश शर्मा | श्री अमित शर्मा |
| श्री राकेश शर्मा | श्री सचिन कुमार शर्मा | श्री आशीष शर्मा |
| श्री आत्मा प्रसाद शर्मा | श्री अजय शर्मा | श्री बिपिनी शर्मा, |
| श्री रविंद्र शर्मा (अध्यापक) | श्री गोपाल शर्मा | श्री कारण शर्मा |
| श्री संतोष कुमार शर्मा | श्री गौरव शर्मा | श्री कैलाश शर्मा |
| श्री ओम प्रकाश बेचई प्रसाद शर्मा | श्री सूर्यप्रकाश शर्मा | श्री सागर शर्मा |
| श्री राजु शर्मा | श्री बच्चेलाल शर्मा | श्री साहिल शर्मा |
| श्री राहुल विमलकुमार शर्मा | श्री मोहन शर्मा | श्री विनोद शर्मा |
| श्री सुशील रामचन्द्र शर्मा | श्री संतोष शर्मा | श्री सुभम शर्मा, |
| श्री राजेश शर्मा | श्री वरुण शर्मा | श्री विवेक शर्मा |
| | | श्री राकेश शर्मा |
| | | श्री मोहित शर्मा |

श्री अनन्तलाल शर्मा समाज सेवक - निरंकारी (डोंबीवली.प)
फोन : 8108398430 / 8291226010
फिरतू शर्मा /शर्मा प्रिंटर्स (घाटकोपर) 9322899676

॥ ॐ सविताय नमः ॥

स्थापना : २९-१-१९९९

पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

अ.भा. सविता महासंघ

3 वाँ वार्षिक वर्ष



॥ दिप्तीबाबू सेमुआ अमर रहें ॥

जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह

शनिवार २८ जनवरी २०२३ | समय : ३ बजे से

स्थल
श्री प्रफुल भाई हाल,रामदेव जेरॉक्स के सामने
टांकी रोड,नालासोपारा /ईस्ट पालघर - ४०१२०९

अखिल भारतीय सविता महासंघ
पत्र - व्यवहार कार्यालय : शॉप नं.१, शंकर सदन, पी.एन.रोड, फरीद नगर, भांडुप (प.), मुंबई - ४०० ०७८.
www.absmahasangh.com
नोट : समय पर पहुचने की कृपा करे।

❈ सम्माननित अतिथि ❈
श्री पंचलाल शर्मा,श्री कन्हैयालाल शर्मा,श्री प्रदीप शर्मा,
श्री श्यामजी शर्मा (प्रधान),श्री गुलाब शर्मा,श्री. महिपाल सिंह (घाटकोपर) समाजस
श्री सत्यपाल श्रीवास्तव (समाजसेवी) सीवुड,श्री.केशवलाल रुपनाथ शर्मा (थाना)
श्री.सुर्यकांत वर्मा - समाजसेवक (दादर), रामश्रय आर.शर्मा (पुणे)
श्री.जयपालजी शर्मा,आशापुरा ड्रायफ्रूट,श्री ओम प्रकाश शर्मा (पुणे),अमरनाथ शर्मा (पुणे)
श्री कपुर चन्द्र परिहार - अध्यक्ष राजस्थानी सेन मंडल श्री रामचंद्र मास्टर,श्रीमती पुस्पलता शर्मा
श्री. धिरज विजय सिंह परदेशी (कल्यान) उद्योगपती, श्री.हरिशंकर शर्मा वर्ली (मुंबई)
श्री प्रसिध्दी ठाकुर बिल्डर (बदलापुर) श्री मुकेश जे.शर्मा (मलाड),
श्री.कलेक्टर शर्मा (उद्योगपती गोरेगॉव), श्री अजय कुमार शर्मा पूर्व लोकसभा प्रत्यासी-जौनपुर
श्री लालजी शर्मा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश,श्री शशिभूषण शर्मा पूर्व सहर प्रमुख शिवसेना वसई
श्री सुरेश शिवनाथ शर्मा उद्योगपति वाराणसी,श्री राजधर भगवती,
श्री जितेन्द्र शर्मा,भाजपा जिलासचिव,रामचंद्र मास्टर
युवा नेता अवधेश सत्यनारायण शर्मा ३६९ विधानसभा मछलीशहर - जौनपुर

❈ विशेष अतिथि ❈
श्री.अशोक उमाशंकर शर्मा (थाना) (उद्योगपती),श्री.श्यामबाबु शर्मा (कल्याण)
श्री.वाय.के शर्मा - उद्योगपति कांदिवली,श्री.एस.आर श्रीवास - नेत्रविशेषज्ञ
श्री रामसकल शर्मा - गोरेगाव,श्री.रामकृपाल शर्मा - (बोरीवली)
श्री.जीतेन्द्र शर्मा - भारतीय जनकल्याण मंडल सेक्रेटरी (मुलुंड)
श्री. कमल पवार अध्यक्ष राजस्थानी सेन प्रगती मंडल (मुंबई)

❈ आधारस्तंभ ट्रस्टीगण ❈
स्व. दिप्ती बाबू सेमूआ, स्व. श्री. जमूना प्रसाद शर्मा, स्व. जयनाथ शर्मा,
श्री उमाशंकर शर्मा, जे.पी शर्मा, (भांडुप) प्रहलाद शर्मा (चेंबूर),
शिवप्रसाद रामफेर शर्मा (नेरुल) श्री. अनिल शर्मा (चर्नी रोड)

विनीत

| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | महासचिव |
|---|---|---|---|
| जे.पी.शर्मा | राकेश सेमुआ | अनन्त लाल शर्मा | अशोक शर्मा |
| उपाध्यक्ष | उपकोषाध्यक्ष | सचिव | उपसचिव |
| रामजीत वर्मा | नवनीश शर्मा | बी.पी.शर्मा | मंजू बी सराठे |


**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division,**
**P.W.D., ESIS Hospital Compound, L.B.S. Road, Mulund (W), Mumbai-400080.**
**e-mail : elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in Tel. No. 022-25601327**
**Tender Notice No.92 /2022-23**

Online percentage rate tenders in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, North Mumbai Electrical Division, Mulund, Mumbai for the following work from The Registered Electrical Contractor from Govt. of Maharashtra. (as per env. no.1 document) Tender document can be downloaded from the Tendering portal of P.W.D., Government of Maharashtra www.mahapwd.gov.in , The Executive Engineer, NMED, Mulund, Mumbai reserves right to accept or reject any tender. The conditional tender will not be accepted.

| Name of Work : | Estimate Cost put to tender: |
|---|---|
| 1). Est.No.SR/BESD/BND/B-2/478 /2022-23, Providing Renovation to old outdated Electrical installations & also some phases affected due to civil renovation works in room No B 34/06 ,B 07/03 ,B 40/03,B 39/03, B 34/04 ,B 21/04,B 106/07,B 33/06, B82/05,B 78/04 at Goverment Colony Bandra,East,Mumbai-400051. | Rs. 394054/- |
| 2) Est.No.OW/NMED/BESD/BKC/364 /2022-23,Providing New Power Panel & Switchgears due to additional Lab machinary & Equipment load at Meter Cabin, Main Bkdg of Forensic lab Santacruz East Mumbai. | Rs. 581502/- |
| 3) Est.No.SR/NMED/MESD/KRL/1018/2022-23,Providing annual repairs/renovation to EI in Type 1 residential quarters (printing press staff qtrs) situated plot no 627. Chunabhatti Project, Chunabhatti, Mumbai (1 year). | Rs. 423706/- |

**Tender Sale period : Date 23.01.2023 toDt..31.01.2023 Afternoon 14.00 Hrs**
**(As per PWD, Mantralaya, Mumbai, GR No. Misc 2022/P.No.104/Ima-2 dt. 10.11.2022)**
**Tender Submission Date 23.01.2023 to Date.03.02.2023 Afternoon14.00Hrs.**
**Bid Opening Date 03.02.2023 Afternoon 14.00 Hrs**
**All information about Tender is available on following website.**
**1..Contractor should Quate Price Excluding G.S.T.G.S.T up to 18% will be Extra.**
2. www.mahapwd.gov.in
3. Executive Engineer. NMED, Mumbai for office Notice Board.
4. Criteria of post qualification is included in the work agreement.

Sd/-
Executive Engineer
North Mumbai Electrical Division,
P.W.D., Mulund, Mumbai.

**EE/NMED/TC/ 183 /2023 Date: 17.01.2023**

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C५४६६

## संपादकीय

# अमीरी-गरीबी की खाई...

निस्संदेह, उदारीकरण-वैश्वीकरण के दौर के बाद भारत में अमीरी-गरीबी की खाई तेजी से गहरी हुई है। कोरोना संकट से उपजे हालात ने अंतर को और बढ़ाया है। नये-नये धनकुबेरों ने अकूत संपदा जुटाई है। जाहिर है राजाश्रय और कानूनी संरक्षण के बिना यह आर्थिक असमानता का समुद्र हिलोरे नहीं ले सकता। विभिन्न संस्थाओं के सर्वेक्षण और मीडिया संस्थानों की रिपोर्टें गाहे-बगाहे इस आर्थिक असमानता की तस्वीर उकेरते रहे हैं। अब दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अध्ययन में सोमवार को खुलासा हुआ कि भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का चालीस फीसदी हिस्सा है। वहीं निचले तबके के पास कुल तीन फीसदी हिस्सा ही है। ऑक्सफैम द्वारा जारी वार्षिक असमानता रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि देश के सबसे दस अमीरों पर पांच फीसदी कर लगा दिया जाए तो सभी बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिये पूरा पैसा मिल सकता है। यहां तक कि देश के सबसे धनाढ्य व्यक्ति के वर्ष 2017 से 21 के दौरान हासिल लाभ पर एक बार कर लगाने से 1.79 लाख करोड़ रुपये जुटाये जा सकते हैं। यह राशि भारतीय प्राथमिक विद्यालयों के पचास लाख से अधिक शिक्षकों के लिये एक साल का रोजगार उपलब्ध कराने के लिये पर्याप्त होगी। वहीं रिपोर्ट आकलन करती है कि यदि भारत के अरबपतियों की संपत्ति पर दो फीसदी की दर से एक बार कर लगाया जाता है तो इस राशि से देश में अगले तीन साल तक कुपोषित लोगों के पोषण के लिये 40,423 करोड़ रुपये की जरूरत को पूरा किया जा सकता है। 'सर्वाइवल ऑफ दि रिचेस्ट' शीर्षक रिपोर्ट आगे बताती है कि देश के दस सबसे अमीर अरबपतियों पर पांच फीसदी का एक बार का कर जो करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये बैठता है, वह देश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के 2022-23 के बजट से डेढ़ गुना अधिक है।

निस्संदेह, ऐसी रिपोर्ट जारी करने के पीछे विकसित देशों के प्रभाव वाली इन संस्थाओं के निहित स्वार्थ होते हैं लेकिन फिर भी ये आंकड़े सामाजिक असमानता की तस्वीर तो उकेरते ही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में महिला श्रमिकों को पुरुष श्रमिक द्वारा अर्जित मेहनताने के एक रुपये के मुकाबले केवल 63 पैसे ही मिलते हैं। ग्रामीण श्रमिकों व वंचित वर्गों के लिये यह अंतर और अधिक है। रिपोर्ट कहती है कि न्यूनतम पारिश्रमिक इतना हो कि जीवनयापन किया जा सके। ऑक्सफैम ने भारत में असमानता के प्रभाव के आकलन के लिये गुणात्मक व मात्रात्मक पक्षों को शामिल किया है। रिपोर्ट बताती है कि गरीब लोग अमीरों के अनुपात में अधिक करों का भुगतान करते हैं। वे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यह भी कि अब अमीरों पर कर लगाने तथा उसके भुगतान को सुनिश्चित करने का समय आ गया है। रिपोर्ट सुझाव देती है कि देश की वित्तमंत्री धन-कर व उत्तराधिकार कर जैसे प्रगतिशील उपायों को लागू करें। जो विभिन्न देशों में असमानता दूर करने में कारगर साबित हुए हैं। वहीं ऑक्सफैम ने फाइट इनइक्वलिटी एलायंस इंडिया द्वारा वर्ष 2021 में कराये गये देशव्यापी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि अस्सी फीसदी लोग उन अमीरों व कंपनियों पर अतिरिक्त कर लगाने का समर्थन करते हैं जिन्होंने कोविड संकट को अवसर में बदलते हुए मोटा मुनाफा कमाया। वहीं नब्बे फीसदी प्रतिभागियों ने सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य के अधिकार और लिंग आधारित हिंसा को रोकने व असमानता दूर करने के लिये बजट बढ़ााने की मांग की। निश्चित रूप से अब समय आ गया कि उस मिथक को तोड़ा जाये जो कहता है कि अमीरों को करों में छूट से आर्थिक विकास होता है। निस्संदेह, समाज में असमानता को दूर करने तथा लोकतंत्र सशक्त करने के लिये जरूरी है कि पूंजीगत लाभ व बड़े अमीरों पर न्यायसंगत ढंग से कर लगे। साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य का वैश्विक मानकों के अनुरूप बजट बढ़ाया जाये। तभी मजबूत सार्वजनिक सेवाओं से स्वस्थ व खुशहाल समाज का मार्ग प्रशस्त होगा।

- संपादक : छोटेलाल शर्मा

# 30 साल से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है



**मुंबई:** हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) एक खतरनाक बीमारी है। इस बीमारी से झुग्गियों में रहनेवाला हर आठवां व्यक्ति ग्रसित पाया गया है। इस बात का पता बीएमसी द्वारा की जा रही डोर टू डोर स्क्रीनिंग में चला है। बीएमसी का स्वास्थ्य विभाग 30 साल से अधिक उम्र के अब तक 32 हजार से अधिक लोगो की स्क्रीनिंग कर चुका है। इसमें 4400 से अधिक लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित पाए गए हैं। बता दें कि इस नए वर्ष में बीएमसी ने 30 साल से अधिक उम्र में हाइपरटेंशन का प्रमाण जानने के लिए 4 जनवरी से डोर टू डोर स्क्रीनिंग शुरू की है। यह स्क्रीनिंग हर बुधवार को कम्युनिटी और आशा वर्कर्स के मार्फत की जाती है। यह स्क्रीनिंग स्लम और स्लम जैसे इलाकों में की जा रही है। 4 जनवरी से लेकर अब तक 22 वॉर्डों में 32 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंगला गोमारे ने बताया कि इस स्क्रीनिंग में 4436 लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित पाए गए हैं, जबकि 2247 लोग हाइपरटेंशन के संदिग्ध मरीज पाए गए हैं।

**पहले भी मिल चुके हैं संदिग्ध मरीज**

हाइपरटेंशन और डायबीटीज की स्क्रीनिंग के लिए बीएमसी ने अपने अस्पतालों में एनसीडी कॉर्नर शुरू किया है। इन 15 एनसीडी कॉर्नर में 2 अगस्त से 14 जनवरी तक 83 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें हाइपरटेंशन के 9351 लोग संदिग्ध मरीज पाए गए हैं, जबकि डायबीटीज के 9028 संदिग्ध मरीज मिले हैं। हाइपरटेंशन और डायबीटीज दोनों बीमारियों के 4 फीसदी संदिग्ध मरीज मिले हैं।

**क्या कहते हैं डॉक्टर**

सायन अस्पताल के कार्डियक सर्जन डॉ. प्रशांत मिश्र ने बताया कि हाइपरटेंशन एक खतरनाक बीमारी है। दरअसल, यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव काफी बढ़ जाता है और इसके कारण रक्त की धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाए रखने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने की बड़ी वजह हाइपरटेंशन ही होती है। इसके अलावा इससे मस्तिष्क, किडनी और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

# औरंगाबाद में फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, लोन के नाम पर हो रही थी ठगी




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए लोगों को निशाना बनाया जा रहा था, जिसका पुलिस ने खुलासा किया. इस फर्जी कॉल सेंटर से लोगों को लोन और ईएमआई का भुगतान करने के लिए लोगों को धमकाया जा रहा था. औरंगाबाद और देहरादून पुलिस ने मिलकर इसका पदार्फाश किया है. यह फर्जी कॉल सेंटर शोएब कुरैशी पैठण गेट इलाके में कॉल सेंटर चला रहा था, जिसमें करीब 150 युवतियां काम कर रही थीं, जिन्हें पंद्रह हजार रुपये तक वेतन दिया जा रहा था.

देहरादून पुलिस की मदद से छापेमारी कर बड़ी संख्या में सिम कार्ड वाले मोबाइल और दो तलवारें भी बरामद की गयी. कार्रवाई दोपहर 12 बजे शुरू हुई और करीब 1 बजे तक चली. इसमें पुलिस को कॉल सेंटर से इंस्टैंट लोन ऐप के जरिए लोन लेने वालों को ब्लैकमेल करने के सबूत मिले हैं.

# एमवीए नेता पुणे विधानसभा उपचुनाव लड़ने के पक्ष में - अजित पवार



**महाराष्ट्र :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने शनिवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं का मत है कि पुणे में चिंचवाड़ और कस्बा पेठ विधानसभा क्षेत्रों के आगामी उपचुनावों में एमवीए उम्मीदवार उतारे जाएं। दोनों सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की हाल ही में हुई मृत्यु के कारण खाली हुई थीं। पवार ने कहा कि शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले, उनके राकांपा समकक्ष जयंत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेता 24 जनवरी को मुंबई में बैठक करेंगे। उन्होंने कहा, ''चिंचवाड़ से राकांपा के कई पदाधिकारियों ने मुझसे कहा कि हमें उपचुनाव लड़ने की जरूरत है।'' चिंचवाड़ और कस्बा पेठ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व क्रमशः लक्ष्मण जगताप और मुक्ता तिलक ने किया था। तिलक का पिछले दिसंबर में और जगताप का इस महीने के शुरू में निधन हो गया था।

चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव 27 फरवरी को होंगे और परिणाम दो मार्च को घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''महा विकास आघाड़ी के नेताओं का मानना है कि हमें कस्बा पेठ और चिंचवाड़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव लड़ना चाहिए।'' वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद गठित एमवीए में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट, शरद पवार के नेतृत्व वाली रांकापा और कांग्रेस शामिल हैं। पवार ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा दिवंगत जगताप की पत्न ी या उनके भाई शंकर जगताप को चिंचवाड़ उपचुनाव के लिए टिकट दे सकती है। उन्होंने कहा, ''मैंने यह भी सुना है कि दिवंगत मुक्ता तिलक के परिवार के सदस्य भी उपचुनाव लड़ने के पक्ष में हैं।''

# दादा को इलाज का झांसा देकर मुंबई ले गया पोता...

## नशीली दवा खिलाकर करोड़ों की संपत्ति हड़पी




**महाराष्ट्र :** लखनऊ के इंदिरानगर सी-ब्लॉक में पोता हर्ष पांडेय 86 वर्षीय दादा त्रिवेणी प्रसाद पांडेय को इलाज का झांसा देकर मुंबई ले गया। उनको नशीली दवाइयां खिलाकर बेसुध कर दिया और करोड़ों की संपत्ति अपने नाम करवा ली। साथ ही 21 लाख नकद हड़प लिए। तबीयत अधिक खराब होने पर बेटी मुंबई पहुंची और पिता को लखनऊ ले आई। तबीयत में सुधार होने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में केस दर्ज कराया है। इंदिरानगर सी ब्लॉक निवासी त्रिवेणी प्रसाद पांडेय के मुताबिक, उनके दोनों बेटों अरुपा व रवींद्र का निधन हो चुका है। वे खुद लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। बताया कि उनकी शंकरपुरवा में 13 दुकानों की कमला मार्केट है। इसकी कीमत करोड़ों में है।

त्रिवेणी प्रसाद के मुताबिक, पोता हर्ष पांडेय मुंबई में रहता है। छह अगस्त 2022 को हर्ष उन्हें मुंबई ले गया था। आरोप है कि इलाज के नाम पर नशीली गोलियां खिलाता रहा। इससे सोचने-समझने की क्षमता खत्म होती गई। इस दौरान 19 अगस्त से 28 सितंबर के बीच हर्ष ने उनके तीन बैंक एक्सिस, बैंक ऑफ इंडिया व इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों से 21 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद 29 अक्तूबर को दादा को लखनऊ ले आया। यहां रजिस्ट्रार कार्यालय में ले जाकर अमेठी स्थित जमीन व कमला मार्केट अपने नाम करवा ली, जबकि मकान अपने भाई कुशाग्र पांडेय के नाम कर दिया।

**आईसीयू में करना पड़ा भर्ती, तबीयत सुधरी तो खुला राज**

हर्ष अपने दादा को लेकर दोबारा मुंबई गया तो उनकी तबीयत और बिगड़ गई। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया और बुआ व अन्य परिजनों को जानकारी दी। त्रिवेणी प्रसाद की बेटी व बहन मुंबई पहुंचे और 23 नवंबर को उन्हें लखनऊ ले आए। तबीयत में सुधार होने के बाद उन्होंने पोते की करतूत बताई। एसीपी गाजीपुर ने जांच कराई। इसके बाद हर्ष पांडेय, उनकी पत्नी व चार अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पालघर में बिल को लेकर विवाद में लोगों ने अस्पताल प्रमुख पर किया हमला...

# जमकर की तोड़फोड़!



पालघर : महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक घटना सामने आ रही है जहां एक मरीज के चिकित्सा बिल को लेकर विवाद के बाद लोगों के एक समूह ने अस्पताल के मलिक पर कथित तौर पर हमला कर दिया और अस्पताल में बुरी तरह से तोड़फोड़ की गई।

**कितने लोगों को किया गया है गिरफ्तार ?**

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को हुई इस घटना में अस्पताल प्रमुख गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बालासाहेब पाटिल ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि करीब 20 से 25 लोग बोईसर इलाके में स्थित अस्पताल में घुस गए और डॉक्टरों पर हमला करने के साथ ही वहां तोड़फोड़ की। उन्होंने कहा कि एक मरीज के चिकित्सा बिल को लेकर हुए विवाद के बाद यह हमला किया गया।

**पूरे मामले पुलिस प्रशासन का क्या कहना है?**

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, अस्पताल के प्रमुख डॉ. स्वप्निल शिंदे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पड़ोसी राज्य गुजरात के वापी शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिंदे ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के पदाधिकारी अस्पताल में मरीजों के बिल में कमी की मांग कर रहे थे। उन्होंने आगे दावा किया, ''हम तैयार हैं, लेकिन वे (मनसे) कभी बिल का भुगतान नहीं करते हैं।

**किन धाराओं में किया गया केस दर्ज?**

पाटिल ने बताया कि घटना के सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और महाराष्ट्र चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था (हिंसा और संपत्ति के नुकसान का निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, उन्होंने थाने पहुंचे डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल को सुरक्षा का आश्वा सन दिया है।

# कांग्रेस के युवा नेता गणेश कुमार यादव का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया

**मुंबई,** कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश कुमार यादव के जन्मदिन पर प्रतीक्षा नगर सायन कोलीवाडा विधान सभा कांग्रेस कमेटी की तरफ से



समाज मंदिर हाल में आयोजित अभिष्ट चिंतन समारोह में कांग्रेस के तमाम नेता और कार्यकताओं ने उन्हें शाल और श्रीफल,गुलदस्ता देकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर गणेश कुमार यादव ने केक काटा और सर्व प्रथम पूर्व नगर सेविका पुष्पा कृष्णा कोली(मामी) ने केक खिलाया।फिर शाल और गुलदस्ता देकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। काचरु यादव कार्याध्यक्ष दक्षिण मध्य मुंबई जिला कांग्रेस गफ़ूर खान मुंबई कांग्रेस कमेटी सचिव के अलावा सुभाष पिसाल,रेखा घेवारी,रिना प्रजापति,सय्यद यास्मीन,फरजाना शेख,नवीन कुमार गायकवाड़,मल्हारी सकट,लालचंद माली,दिनेश ग कांबले,मतीन खान,समीर पटेल,आबिद हुसेन शेख,तबरेज शेख,राजेन्द्र (राजू )नगराले आदि ने गणेश कुमार यादव को शाल और गुलदस्ता दे कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

कार्यक्रम के समापन पर गणेश कुमार यादव ने सभी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

**फोटोः-कपिलदेव खरवार**

# उत्तर भारतीय सम्मेलन ने कायम की हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**मुंबईः** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पुर्व मंत्री एवम महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्याध्यक्ष मो. आरिफ(नसीम)खान द्वारा उत्तर भारतीय सम्मेलन का आयोजन साकीनाका में किया गया।



इस अवसर पर पुर्व मंत्री रमेश दुबे, चंद्रकांत त्रिपाठी, पुर्व उपमहापौर राजेश शर्मा, उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह, पुर्व नगरसेवक बी के तिवारी, अजय यादव, समाज सेवक, डॉ. बाबुलाल सिंह, किलाचंद यादव, कामरेड ऊदल, भरतसिंह, दुर्गेश यादव, राजाराम पाल (अध्यक्ष पाल विकास संघ), डॉ.आर.एम.पाल, दयाशंकर सिंह, डॉ.दीपक सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष कूर्मि क्षत्रिय सभा), डॉ.सचिन सिंह (अध्यक्ष युवाब्रिगेड एसोसिएशन, मुंबई), मैथ्यु चेरियन, पत्रकार बृजमोहन पांडे, अनुरागत्रिपाठी, अभिमन्युशितोले, अनिल तिवारी सहित हिंदू-मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोगउपस्थित हुए। इस अवसर पर भोजपुरी गीत एवम संगीत, बट्टी चोखा की व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर आगंतुक मेहमानों का गमछा और रामचरित मानस देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शरीफ खान, विद्रोही महाराज, अनिल चौरसिया, अनिल दुबे का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

# आरक्षण लागू करने के लिये ज्ञापन दिया

नन्द सेन सविता समाज का सामाजिक संगठन ऑल इण्डिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसियेशन,उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज की ओर से संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य नारायण सेन के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से प्रदेश की आदरणीया राज्यपाल महोदया को एक ज्ञापन दिया गया । बताते चलें कि विगत 27 दिसम्बर को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने नगरीय चूनाव में पिछड़ी



जातियों के लिये लागू 27 प्रतिशत आरक्षण को निरस्त करते हुये उसे सामान्य (General) मानकर चुनाव कराने का फैसला दिया था। माननीय हाईकोर्ट के इस निर्णय से पिछड़े वर्ग के लोग अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। कोर्ट का यह फैसला उनके राजनैतिक हिस्सेदारी को सीधे प्रभावित कर रहा है।

ऑल इण्डिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसियेशन का शीर्ष नेतृत्व इस पर मन्थन करने के पश्चात इस पर अपनी गम्भीर प्रतिक्रिया स्वरूप विरोध दर्ज कराते हुये महामहिम राज्यपाल महोदया से मांग किया है कि माननीय इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ के इस फैसले के अनुपालन में ट्रिपल टेस्ट की शर्तों को पूरा कर पिछड़े वर्ग को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण को पुनः लागू किया जाय।

तत्पश्चात ही नगरीय चुनाव सम्पन्न कराये जाने के आदेश पारित किये जांय । ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री आदित्य नारायण सेन, चन्द्रिका प्रसाद शर्मा एडवोकेट, शिवदास शर्मा,डा0अश्विनी कुमार नन्द, गिरीश कुमार शर्मा, ब्रजेश कुमार शर्मा , धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, भीमसेन शर्मा, मूलचन्द्र शर्मा , डा0 सुनिल कुमार शर्मा , रज्जन कुमार शर्मा एड0 , दिनकर शर्मा एड0 आदित्य कुमार शर्मा , विनय कुमार शर्मा पत्रकार आदि तमाम लोग मौजूद रहे ।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



वैजापूर : साई बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था के 6 फरवरी से शुरू हो रहे रामरावजी ढोक महाराज द्वारा तुलसी रामायण व साई सच्चरित्र पारायण के कार्यक्रम के सभा मंडप पुजन पर वैजापूर के आमदार रमेशजी बोरनारे, मर्चंट बँक चेअरमन विशाल जी जिवन सेठ संचेती, मंडल अध्यक्ष कैलाश जी साखरे 'सस्रं, सामाजिक कार्यकर्ता,साहित्यिक, ठाकुर धोंडीराम सिंह जी राजपुत सर, महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संघटना अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar आदी मान्यवर।।

# मौलिक अधिकार पार्टी ने ज्ञापन सौंपा



दिनांक 17 जनवरी 2023 दिन मंगलवार को मौलिक अधिकार पार्टी की प्रतापगढ़ इकाई ने जिलाध्यक्ष विश्वास कुमार शर्मा के नेतृत्व में टोपी बैनर के साथ मौलिक अधिकार पार्टी जिंदाबाद ,राष्ट्रीय जेपी शास्त्री जिंदाबाद , अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू हो, अति पिछड़े वर्ग का पृथक आरक्षण लागू होआदि नारों के साथ जिला कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ पहुंचकर स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़े वर्ग का आरक्षण आबादी के अनुपात में लागू करने के साथ अति पिछड़े वर्ग को पृथकआरक्षण देने संबंधी ज्ञापन महामहिम आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित द्वारा जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ सौंपा।जिसमें महामहिम जी से अनुरोध किया गया कि संविधान की प्रस्तावना में राजनीतिक न्याय पाने की बात कही गई है। संविधान के भाग 3 में मौलिक अधिकारों की श्रृंखला में अनुच्छेद 15 (4) में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ेपन के समापन तथा 16(4) पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए अनुच्छेद 340 के द्वारा आयोग गठित कर आरक्षण देने का अधिकार संविधान प्रदत्त है। सरकार और अदालत दोनों अन्य पिछड़ा वर्ग को नजरंदाज कर रहे हैं ।आज तक अन्य पिछड़ा वर्ग चारागाह बना हुआ है । (1)उत्तर प्रदेश में 52% आबादी वाले अन्य पिछड़ा वर्ग को स्थानीय निकाय चुनाव में 27% का आरक्षण अभी तक राजनीति में भी मिल रहा था परंतु सरकार की लापरवाही की वजह से माननीय हाईकोर्ट ने आरक्षण को निरस्त कर दिया।

सरकार ने तत्परता दिखाते हुए इस पर माननीय सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश लेकर स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के लिए आयोग गठित किया है, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग की आनुपातिक हिस्सेदारी निर्धारित हो। (2) सामाजिक न्याय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग की 52% आबादी को उत्तर प्रदेश में 11.50 % मध्य पिछड़ा वर्ग तथा 40.50% अति पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुसार अनुपातिक हिस्सेदारी भी निर्धारित हो। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव राम बहादुर शर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार शर्मा, जिला महासचिव वंश पाल चौधरी, प्रदेश सचिव डॉ हरिपाल वर्मा, नगर सचिव रामकुमार शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, रंजना विश्वकर्मा, भरत व्यास शर्मा, जगदेव प्रसाद प्रजापति एडवोकेट महेश कुमार प्रजापति जिला अध्यक्ष संस्कार सेवा सोसायटी एडवोकेट कृपा शंकर शर्मा राम सजीवन प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# अखिलेश शर्मा ने संभाला भुसावल रेलवे स्टेशन एसएम का पदभार

`विशेष प्रतिनिधि भुसावल




भुसावलः विगत दिनों अखिलेश शर्मा ने मध्य रेलवे जोन की भुसावल डिवीजन के अति व्यस्त भुसावल स्टेशन का स्टेशन मास्टर (एसएम) का पदभार संभाला, यह उनके जॉइनिंग की पहली पोस्टिंग है।

आप ग्राम उदघाटपुर, बदलापुर जौनपुर (उप्र) से आते हैं। अखिलेश ने स्नातक की डिग्री जौनपुर रामा हरपाल सिंह महाविद्यालय से प्राप्त की और पिछले दिनों रेलवे रनिंग डिपार्टमेंट में उनकी बहाली हुई।

रेल तंत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्टेशन मास्टर(एसएम) और स्टेशन सुपरिंटेंडेंट(एसएस) का अहम योगदान रहता है। स्टेशन व्यवस्था को सुचारू रूप के साथ-साथ ट्रेनों के आवागमन के संचालन का जिम्मा इन्हीं के कंधों पर रहता है। हमारी आपकी सकुशल रेल यात्रा में अखिलेश शर्मा जैसे हजारों रेलकर्मी अपनी संजीदगी का परिचय देते हैं।

यहां पर आपको बता दें ट्रेनों के आवागमन की दृष्टि से काफी मशगूल स्टेशन है भुसावल, लगभग 14 ट्रेनें ने यहां से बनकर चलती है और 289 ट्रेनें भुसावल रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती है। कई महत्वपूर्ण रेलखंडों को भी जोड़ता है जैसे कल्याण, हावड़ा, नागपुर, मुंबई, इलाहाबाद और जबलपुर।

भुसावल डिवीजन मुख्यालय होने के कारण अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अखिलेश शर्मा के काम की बाध्यता अपने चरम पर होगी। उनके लिए यहां पर यह कहना गलत ना होगा यहां अभी वह प्रथम कक्षा के विद्यार्थी हैं इसमें भी दो राय नहीं आने वाले दिनों में उनके लिए अनुभवों की प्रयोगशाला साबित होगा भुसावल रेलवे स्टेशन।

इसे संजोग ही कहे अखिलेश शर्मा अपने परिवार से तीसरी पीढ़ी के रूप में भारतीय रेलवे में कार्यरत हुए। इससे पहले उनके दादा स्वर्गीय प्रभु नारायण और ताऊ रामधारी और उमाशंकर कार्यरत रहे हैं। हमारे माध्यम से क्षेत्र के लोगों ने आशा जताई है कि अखिलेश भी अपने पुरखों की विरासत को आगे बढ़ाएंगे और आने वाले दिनों में अखिलेश शर्मा अपनी अनुशासन प्रिय सेवाओं से भारतीय रेलवे में कई कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

इस बड़ी उपलब्धि के लिए अखिलेश शर्मा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।अभासम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी शर्मा ने कहा कि तुम आगे और तरक्की प्राप्त करो। वरिष्ठ संपादक एवं कदम कदम मीडिया समूह के मालिक श्री छोटेलाल शर्मा जी ने टेलीफोन के माध्यम से अखिलेश को आशीर्वाद स्वरूप स्नेह और उनके परिवार को इस अनुभूति के लिए शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रबंध संपादक श्री अनिल शर्मा जी ने शुभकामना संदेश में कहा कि अखिलेश की सफलता इस बात का प्रमाण है कि मेहनत हमेशा रंग लाती है। कदम कदम पर के उप संपादक श्री हरिशंकर (मुन्ना) शर्मा और सह संपादक राजन शर्मा ने भी अखिलेश और उनके परिवार की स्तुति की। महात्मा अनंत लाल, श्री नवनीश, श्री रामजीत वर्मा, श्री नवनीश, श्री अशोक, श्री जयनाथ, श्री शिवप्रसाद, श्री सुनील श्रीवास्तव, श्री बृजेश (गुड्डू) श्रीवास, श्री वेद प्रकाश वर्मा, श्री राकेश, श्री लालचंद, श्री लक्ष्मीकांत इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने अखिलेश की सफलता के लिए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी।

# केशव सृष्टि में केशव का आवाहन

**प्रतिनिधि**

**मुंबईः** माघ माह शुक्ल पक्ष की प्रतिवाद तिथि के शुभ अवसर पर रविवार जनवरी 22 को समाजसेवी श्री जेपी शर्मा जी ने अपने निवास स्थान केशव सृष्टि भांडुप पश्चिम में भगवान श्री सत्यनारायण जी की कथा का भव्य आयोजन कर अपने परिवार और समर्थकों के साथ उनकी पूजा सुनी। कथा दोपहर से प्रारंभ हुई और वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन से पूजा की विभक्ति हुई। पश्चात पूजा में आए हुए अतिथियों ने भगवान श्री सत्यनारायण के चरणों में दंडवत प्रणाम कर प्रसाद का लाभ लिया।







तत्पश्चात आए हुए विशेष अतिथियों का श्री जेपी शर्मा, श्री अभिषेक, श्री अविनाश, श्री नवनीश ने क्रमवार सभी को मानवस्त्र एवं बुके देकर अतिथि सत्कार किया।

अभिवादन सम्मान की सूची काफी लंबी है श्री अशोक जी ठाणेकर, कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटेलाल जी, वरिष्ठ पत्रकार प्रबंध संपादक युवा नेता सामाजिक चेहरा श्री अनिल शर्मा जी, समाज रत्न महात्मा अनंत लाल जी, उमाशंकर शर्मा उद्योगपति, समाज स्तंभ ज्येष्ठ हम सभी के आदरणीय नालासोपाराकर श्री अशोक जी, श्री जयनाथ जी, कलवाकर श्री अशोक जी, कल्याणकर मेरे बड़े भाई आदरणीय श्री लक्ष्मीकांत एवं भाभी आदरणीय श्रीमती रंजना लक्ष्मीकांत शर्मा इत्यादि गणमान्य व्यक्ति भव्य पूजा आयोजन के साक्षी बने। सम्मान के उपरांत आयोजित महाप्रसाद का सभी ने अनुग्रह कर आखिर में श्री जेपी शर्मा जी से विदा ली।






सभी किसानों-मजदूरों के लिये बने मार्गदर्शक भदोही जिले के चौरी थाना धनापुर गांव में माननीय श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी जी द्वारा मशरूम के उत्पादकता में सफल परिक्षण किया. त्रिपाठी जी (चाचा जी) से बात करके पता चला कि कोई भी इच्छुक सज्जन इसके उत्पादन में सफलता प्राप्त कर सकता हैं बस नियमतः इसकी देखभाल सही समय पर तथा वातानुकूलित जगहों पर उत्पन्न हो करा। इसमें अधिक सफाई की व्यवस्था तथा विशेष सावधानी बरतनी होती हैं ताकि फंगस न लग पाए।

**श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी चाचा जी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...**

**गौरव शर्मा (मीडिया प्रभारी भाजपा झोपड़पट्टी मोर्चा सायन कोलीवाडा विधानसभा मुंबई)**

# महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश की चेतावनी

**मुंबई,** देशभर में बदल रहे मौसम ने फिर हैरानी बढ़ाई है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश की चेतावनी दी है। मुंबई में भी गलन बढ़ेगी। बढ़ते प्रदूषण और मौसम की बेरुखी को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मुंबई के सांताक्रुज में १७ डिग्री सेल्सियस, कुलाबा में १९.२ और ठाणे-बेलापुर में १६.८ डिग्री सेल्सियस के आस-पास न्यूनतम तापमान दर्ज किया जा रहा है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान संभाजीनगर में ११.२ और पुणे में ११.५ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अफगानिस्तान और पड़ोसी इलाकों पर चक्रवात के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। आज से फिर ठंड बढ़ने के आसार हैं। उत्तर हिंदुस्तान के अधिकांश हिस्सों में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। उत्तर हिंदुस्तान में एक बार फिर शीतलहर की दस्तक होने की संभावना है, जिसका असर मध्य हिंदुस्तान में भी दिखाई देगा। उत्तर हिंदुस्तान से आनेवाली हवाएं मध्य हिंदुस्तान के मौसम पर असर डालेंगी। महाराष्ट्र में अभी ठंड बरकरार रहेगी। नासिक, जलगांव सहित विदर्भ के कुछ जिलों में अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है। २६ जनवरी से २ फरवरी के बीच मराठवाड़ा, विदर्भ और आस-पास के इलाकों में बेमौसम बारिश की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक तटीय इलाकों में बादल छाए रहने की संभावना है। यह जानकारी पुणे मौसम विभाग के प्रमुख कृष्णानंद होसालिकर ने दी है।



**विनम्र अभिवादन, प्रणाम।।**
**अशोक लालचंद पवार**
**अध्यक्ष- महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com